बैंक अकाउंट से अचानक गायब हो गए लाखों

नए तरीके से धोखाधड़ी का मामला आया सामने

शहडोल, देशबन्धु। जिले के एक किसान के साथ लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। इसमें हैरत कर देने वाली बात यह है कि पीड़ित किसान किसी तरह के डिजिटल तरीके का भी उपयोग नहीं कर रहा है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि किसी ने उनका डुप्लीकेट एटीएम बना लिया और उसके आधार पर यह ठगी की गई है।

घटना खैरहा थाना क्षेत्र की है।

मामले का खुलासा तब हुआ जब पीड़ित किसान अपनी जमा पूंजी निकालने के लिए बैंक पहुंचा, जहां अधिकारियों ने उन्हें बताया कि खाते में राशि नहीं है। इससे परेशान होकर वह सीधे पुलिस स्टेशन पहुंचा और इसकी शिकायत दर्ज करवाई है। पीड़ित किसान ने पुलिस को बताया कि उसके पास एटीएम, यूपीआई जैसे डिजिटल ट्रांजेक्शन जैसी कोई भी सुविधा नहीं है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, कमल नारायण को 3 महीने पहले कॉलरी से मुआवजा की राशि मिली थी। इस राशि को उसने बैंक में जमा करवा दिया था, लेकिन जब वह अपनी राशि को निकालने के लिए पहुंचा तो उसके अकाउंट में मात्र 179 रुपय ही बचे थे। बैंक स्टेटमेंट से पता चला कि डिजिटल माध्यम से कई बार रुपए निकाल लिए गए हैं । इस राशि को निकालने का लोकेशन दिल्ली और झारखंड है। फिलहाल, साइबर सेल की टीम द्वारा मामले में जांच पड़ताल की जा रही है। साइबर सेल प्रभारी सत्य प्रकाश मिश्रा ने बताया कि एटीएम क्लोन के मामले लगातार तेजी से बढ़ रहे हैं। उनका यह भी कहना है कि हो सकता है कि इस मामले में भी इसी तरह का तरीका अपनाया गया हो।

एनसीसी कैम्प में रंगारंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण

बालाघाट, देशबन्धु। एनसीसी ग्रुप मुख्यालय जबलपुर के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर एजी बरबरे के मार्गदर्शन एवं 6 मप्र स्वतंत्र कंपनी एनसीसी के आफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कमल गुप्ता के तत्वाधान में चल रहे 15वें संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में रविवार को होमगार्ड की टीम ने सिवलि डिफेंस की जानकारी प्रदान की। टीम ने कैडेटों को बताया कि किसी बीमार व्यक्ति को सीपीआर कैसे देना है, बाढ़ आने पर क्या कार्यवाही करनी है, घर में शार्ट सर्किट से आग लगने पर क्या करना है आदि को विस्तार से सिखाया। वहीं संध्या काल में एनसीसी कैडेट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में कैम्प में शामिल शिक्षण संस्थाओं के एनसीसी कैडेट्स द्वारा शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रस्तुतियों को कैम्प कमांडेण्ट द्वारा पुरूस्कृत किया गया। इसके साथ ही कैम्प के दौरान आयोजित की गई फायरिंग में सर्वश्रेष्ठ फायरर सार्जेंट भागचंद पटले एवं क्वाटर मास्टर किरण पटले को मेडल प्रदान किये गये।

लापरवाह सीएमओ पर पांच हजार की राशि अधिरोपित

शहडोल, देशबन्धु। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ने आदेश जारी किया है मुख्य नगर पालिका अधिकारी ब्यौहारी अरूण कुमार श्रीवास्तव द्वारा लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम 2010 अंतर्गत अधिसूचित सेवा में सामाजिक सुरक्षा कि नि:शक्त पेंशन की प्रथम बार स्वीकृति अंतर्गत आवेदक गुलाब चंद्र गुप्ता द्वारा आवेदन का निराकरण समय सीमा में नहीं किया गया तथा इस संबंध में समाधान कारक प्रत्युत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया। जो कि शासकीय कार्य में घोर लापरवाही एवं उदासीनता का परिचायक हैं, जो अधिनियम की धारा 5 (1) (2) का उल्लंघन हैं।

उक्त सेवा का समय सीमा में निराकरण नहीं करने हेतु अरुण कुमार श्रीवास्तव मुख्य नगर पालिका अधिकारी ब्यौहारी द्वारा की गई लापरवाही पर निर्णय लिया जाकर लापरवाही हेतु कुल 5 हजार रुपए की शास्ति अधिरोपित की गई है।

जारी आदेश में कहा गया है कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी ब्यौहारी अरुण कुमार श्रीवास्तव उक्त शास्ति की राशि मुख्य शीर्ष 0070- अन्य प्रशासनिक सेवाए, उप मुख्य शीर्ष (60) अन्य सेवाए, लघु शीर्ष (800)- अन्य प्राप्तिया, योजना (1066) लोक सेवा गारंटी अधिनियम में जमा कराकर चालान की एक प्रति तत्काल इस कार्यालय को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

प्रमाण पत्र देने में की देरी, अधिकारियों पर राशि अधिरोपित

शहडोल, देशबन्धु। जिला योजना अधिकारी जिला शहडोल ने जानकारी दी है कि लोक सेवा गारण्टी अधिनियम 2010 अन्तर्गत योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग की अधिसूचित सेवायें जन्म का अप्राप्यता प्रमाण-पत्र, मृत्यु का अप्राप्यता प्रमाण-पत्र एवं विवाह पंजीयन इत्यादि को निर्धारित कालावधि में पदाभिहित अधिकारियों द्वारा उपलब्ध नहीं कराने के कारण मुख्य कार्य पालन अधिकारी, जनपद पंचायत, गोहपारू, सोहागपुर एवं जैतपुर (प्रथम अपीलीय अधिकारी) द्वारा पदाभिहित अधिकारियों (ग्राम पंचायत सचिव) के दोषी पाये जाने से कुल 07 प्रकरणों में कुल राशि तीन हजार पांच सौ रूपए अधिरोपित किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पदाभिहित अधिकारी रमेश कुमार चर्मकार को 03 दिवस के विलम्ब हेतु 750 रूपए, दीनानाथ सिंह को 05 दिवस के बिलम्ब हेतु कुल 1250 रूपए, श्रीमती स्वाती सिंह को 01 दिवस के विलम्ब हेतु 250 रूपए, रोहिणी प्रसाद पनिका को 01 दिवस के विलम्ब हेतु 250 रूपए एवं संतोष चौधरी को 04 दिवस हेतु 1 हजार रूपए की राशि अधिरोपित की गई है।

सार-समाचार

दुर्लभ सत्संग का समापन व महाप्रसाद वितरण आज

मझौली, देशबन्धु। नगर क्षेत्र मझौली में आयोजित दुर्लभ सत्संग का समापन हुआ महाप्रसाद वितरण आज 29 अक्टूबर दिन मंगलवार को किया जाएगा। बताते चलें कि कथा का शुभारंभ 23 अक्टूबर से किया गया था।यह सत्संग श्रद्धेय स्वामी विजयानंद गिरीं जी महाराज ऋषिकेश के मुखारविंद से प्रवचन व भजन कीर्तन के माध्यम से सत्संग का संचार शुमधुर ध्वनि किया गया। जहां प्रत्येक दिन हजारों की संख्या में पहुंच श्रद्धालु आनंदित भाव से सत्संग का रसपान कर मनमुग्ध होते रहे जिसका समापन हुआ महाप्रसाद वितरण आज 29 अक्टूबर दिन मंगलवार को संपन्न होगा आयोजक भक्तगणों द्वारा क्षेत्रीय जनों से अंतिम दिन के सत्संग का रसपान करने वी महा प्रसाद ग्रहण करने की अपील की गई है।

आज होगा निर्वाचक नामावली के प्रारूप का प्रकाशन

बालाघाट, देशबन्धु। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 1 जनवरी 2025 की तिथि को अर्हता तिथि मानते हुए 29 अक्टूबर को निर्वाचक नामावली के प्रारूप का प्रकाशन किया जाना है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने प्रारूप प्रकाशन के लिए समस्त मान्यता प्राप्त पार्टी को इस सम्बंध में बैठक के लिए पत्र जारी किया है। यह बैठक आज मंगलवार को शाम 4ः30 बजे कॉलेक्ट्रेट सभागृह में आयोजित होगी।

मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की दूसरी किश्त का अंतरण आज

बालाघाट, देशबन्धु। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज मंदसौर में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश के किसानों के खातों में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की द्वितीय किश्त का अंतरण करेंगे। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत आज सीएम डॉ. यादव 81 लाख से अधिक किसानों के खातों में करीब 1624 करोड़ की राशि अंतरित करेंगे। ज्ञात हो कि इस योजना के तहत वर्ष में कुल 6000 रुपये की राशि हितग्राही किसान परिवारों के खाते में 3 किश्तों में प्रदान की जाती है। जिसका लाइव प्रसारण जिला/ब्लॉक स्तर पर भी आयोजित किया जाना है। जिले में कलेक्ट्रेड कार्यालय सभाहाल में कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सुनिश्चित किया जाएगा। जिसके क्रियान्वयन के लिए एडीएम श्री जीएस धुर्वे द्वारा विभिन्न अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए कार्यक्रम के सुचारू क्रियान्वयन के लिए निर्देशित किया गया है।

सेवानिवृत्त लोकसेवकों को अर्जित अवकाश नकदीकरण के लिए निर्देश जारी

बालाघाट, देशबन्धु। जिला शिक्षा अधिकारी श्री एके उपाध्याय ने समस्त बीईओ को विश्रामावकाश विभाग के सेवा निवृत्त लोकसेवकों को अर्जित अवकाश नगदीकरण के संबंध में विशेष निर्देश जारी किये है। जिसके अनुसार शिक्षक संवर्ग के लोकसेवकों सहायक शिक्षक, शिक्षक, व्याख्याता, प्रधानाध्यापक, प्राथमिक शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक, उच्च माध्यमिक शिक्षक आदि को सेवा अवधि के दौरान अर्जित अवकाश का संचयन वित्त विभाग के परिपत्र के अनुसार ग्रीष्मावकाश में विश्रामावकाश के बदले ड्यूटी पर आहूत किये जाने के फलस्वरूप अनुपातिक रूप से संचित किया जाएगा। इसी तरह अन्य नियमो के परिपालन में वित्त विभाग के जारी परिपत्रों के अनुसार पात्रता, नियुक्ति व सम्पूर्ण सेवा अवधि की गणना किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

बीईओ के साथ ही समस्त संकुल प्राचार्यों को लंबित प्रकरणों के निराकरण के निर्देश जारी

बालाघाट, देशबन्धु। डीईओ एके उपाध्याय ने सात विकासखण्डों के बीईओ एवं समस्त शाउमावि को संकुल प्राचार्यों के लंबित आर्थिक स्वत्वों के शीघ्र निराकरण के आदेश जारी किए है। डीईओ श्री उपाध्याय ने बताया कि आजाद अध्यापक शिक्षक संघ से प्राप्त पत्रानुसार विकासखंड स्तर पर लंबित आर्थिक प्रकरणों का निराकरण नही किया जा रहा है। वहीं यह भी अवगत कराया गया है कि कार्यालय स्तर पर एवं संकुल स्तर पर आर्थिक स्वत्वों का निराकरण नही किया जा रहा है।

दीपोत्सव के लिए बाजार सजकर तैयार, ग्राहकी बहार

शहडोल, देशबन्धु। मंगलवार को धनतेरस के साथ ही दीपोत्सव पर्व की शुरुआत हो जाएगी। दीपोत्सव पर्व के लिए शहडोल जिले का बाजार पूरी तरह से सज कर तैयार है। त्यौहार में खरीदी पर दुकानों में ग्राहकों के लिए उपहार के साथ ही विशेष छूट भी दी जा रही है। धनतेरस और दीपावली पर्व पर बर्तन के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल फोन और ऑटो मोबाइल्स शो रूम विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

स्क्रैच कार्ड में यह उपहार

धनतेरस-दीपावली त्यौहार को लेकर मनोज टीवीएस शो रूम मैं भी विशेष तैयारी की गई है। मनोज टीवीएस शोरूम के डायरेक्टर मनोज गुप्ता ने बताया कि धनतेरस-दीपावली त्यौहार पर टीवीएस गाड़ियों की खरीदी पर दो हजार रुपए नगद छूट के साथ एक आकर्षक गिफ्ट हैम्पर भी दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि दीप पर्व पर इसके अलावा हर ग्राहक को साथ में एक स्क्रैच कार्ड भी दिया जायेगा जिसमें ढेरो ईनाम पाने का अवसर मिलेगा। इसमें फ्रिज, वॉशिंग मशीन, कलर एलसीडी टीवी, म्यूज़िक सिस्टम, माइक्रोवेव ओवेन, मोबाइल फोन,

वाहन खरीदी पर नगद छूट व आकर्षक उपहार

लेमन सेट, बाउल सेट, हाथ घड़ी, डिनर सेट, इलेक्ट्रिक प्रेस, इलेक्ट्रिक कैटल, प्रेसर कुकर एवं अन्य ढेरों इनाम रहेंगे। उन्होंने बताया कि शोरुम में भीड़ से बचने के लिए एडवांस बुकिंग भी की जा रही हैं। उपभोक्ता शोरूम पहुंचकर 1001 रूपए में गाड़ी की बुकिंग कर सकते हैं, साथ ही हर बुकिंग पर एक आकर्षक गिफ्ट भी मिलेगा।

नए मॉडल उपलब्ध

टीवीएस मोटर कंपनी के मेन संभागीय डीलर मनोज टीवीएस शोरूम के डायरेक्टर राजेश गुप्ता, मनोज गुप्ता एवं योगेश गुप्ता ने बताया कि धनतेरस दीपावली पर्व पर नगद छूट, स्क्रैच कार्ड में ढेरो उपहार, आकर्षक गिफ्ट हैम्पर के साथ ही कम डाउन पेमेंट, आकर्षक फाइनेंस की सुविधा कम डॉक्यूमेंट के साथ कई प्रकार के स्कीम सहित लाभ ग्राहकों को दिए जा रहे। उन्होंने यह भी बताया कि टीवीएस शोरूम में कंपनी के सभी नए उत्पाद, नए मॉडल की ज्यूपिटर, अपाचे, राइडर, रेडान, स्टारसिटी प्लस, स्टार स्पोर्टस, एक्स-एल 100 के साथ इलेक्ट्रिक आई क्यूब स्कूटर के सभी नए मॉडल-कलर्स की गाड़ियों की विशाल श्रृंखला उपलब्ध है। डायरेक्टर मनोज गुप्ता ने दीपोत्सव त्यौहार की शुभकामनाएं देते हुए नगद छूट व आकर्षक उपहार योजना का लाभ लेने का आह्वान किया है।

दौड़कर प्रश्न हल करने की अनूठी परीक्षा

बालाघाट, देशबन्धु। सीएम राइज़ शास वीरांगना रानी दुर्गावती उच्च माध्य विद्यालय बालाघाट सोमवार को सीएम राइज़ रेस के रुप में परीक्षा का आयोजन किया गया। संस्था प्राचार्य डॉ. युवराज राहंगडाले के नवाचार से आयोजित इस परीक्षा में विद्यार्थियों को निर्धारित समय में बहुविकल्पीय प्रश्नों को हल करने के लिए दौड़-दौड़कर परीक्षा देनी होती हैं। निर्धारित समय 3-3 मिनट में परीक्षार्थी अपने विषय के 10-10 प्रश्नों को हल करने के लिए मेज पर लगे प्रश्न को दौड़कर हल करता हैं। जिससे यह परीक्षा और भी रोमांचक हो जाती हैं । सोमवार को विद्यालय में प्रात: पाली में अंग्रेजी व हिंदी माध्यम के कक्षा नवमी व दशमी के दर्ज 931 विद्यार्थियों में से लगभग 90 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने सीएम राइज़ रेस परीक्षा में भाग लिया।

नशीली सिरप के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

आरोपी को नौरोजाबाद पुलिस ने किया गिरफ्तार

उमरिया, देशबन्धु। जिले में नशा का व्यापार लगातार फल फूल रहा है, जहां नशीली दवा से जुड़े अवैध कारोबारियों की कमर तोड़ने के लिए नौरोजाबाद पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई की है।

इस मामले में एक अभियुक्त की गिरफ्तारी भी की गई है। उक्त संबंध में थाना प्रभारी नौरोजाबाद राजेशचंद्र मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि सूचना प्राप्त हुई थी कि बरही बन्ना नाला का एक युवक अवैध नशीली सिरप की बिक्री करता है। सूचना प्राप्त होते ही उक्त युवक के घर की घेराबंदी कर घर से लगी बाडी से 79 शीशी अवैध नशीली आनरेक्स सिरप जिसकी कीमत 14220 रूपये मूल्य की आंकी गई है, उसे जब्त किया गया है। साथ ही पकड़े गए युवक प्रिंश गुप्ता के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला भी पंजीबद्ध किया गया है, जहां इस पूरी कार्रवाई में मुख्य रुप से नौरोजाबाद नगर निरीक्षक राजेश चंद्र मिश्रा, उप निरीक्षक रसिया साकेत, प्रधान आरक्षक राजेश दुबे, प्रधान आरक्षक आशीष गावले, आरक्षक नरेंद्र सुलके, अतुल मिश्रा, ब्रजेश यादव,

महिला आरक्षक सहीन बी की भूमिका सराहनीय रही है। बता दें कि पुलिस की यह कोई पहली कार्रवाई नहीं है। इसके पहले भी पुलिस ने अवैध नशीली सिरप को जब्त किया था, उसके बावजूद भी नौरोजाबाद में नशे का कारोबार काम होता हुआ नजर नहीं आ रहा है।

स्वामी विवेकानंद एकेडमी छुही में मनाया दीपोत्सव त्यौहार में आतिशबाजी नहीं करने का लिया संकल्प

मझौली, देशबन्धु। सीधी जिले के मझौली अंतर्गत छुही क्षेत्र के इकलौते इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल स्वामी विवेकानंद एकेडमी छुही में विगत सोमवार को दीपावली सेलीब्रेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

इस मौके पर कई प्रतियोगितायें हुई । बच्चों नें अपने शिक्षकों के साथ रंगोली बनाई । विद्यालय की डायरेक्टर नेहा गुप्ता नें जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों नें सुन्दर रंगोली और कागज़ व मिट्टी के दीप बनाये । दीप डेकोरेशन कार्यक्रम में बच्चों के बीच प्रतियोगिताएं भी कराई गई जहाँ विद्यालय के प्राचार्य व अन्य शिक्षकों द्वारा सर्वश्रेष्ठ (दीप व रंगोली) बनाने वाले विजेताओं को

(प्रथम,द्वितीय व तृतीय) शील्ड प्रदान कर अलंकृत किया । विद्यालय कि उपप्राचार्या कीर्ति द्विवेदी द्वारा इस उत्सव पर दीपावली का त्यौहार सुरक्षित तरीके से मनाने कि सलाह दी गई । पर्यावरण बचाने के लिए दीवाली पर तेज आतिशबाजी नहीं कर सुखद व स्वच्छ दीवाली मनाने का सन्देश दिया गया। शिक्षकों ने कहा कि स्कूलों में पढाई का मानसिक तनाव न हों, इसलिए इस तरह के आयोजन से बच्चों में 'रचनात्मकता' को निखारनें के साथ पढाई के बोझ को कम करने का प्रयास किया जाता है ।

कार्यक्रम में विद्यालय कि डायरेक्टर नेहा गुप्ता तथा शिक्षक शिक्षकाओं में सुषमा सोनी, कीर्ति द्विवेदी, नीलम तिवारी,राशी सिंह, निधी मिश्रा,मानसी सुनानिया,खुशी सिंह, दीक्षा सिंह,वर्षा द्विवेदी,सुमनलता सेन, विद्या गिरी, नेहा सोनी,वर्षा द्विवेदी, नैनिका द्विवेदी,अंकित गुप्ता, अनिल सेन, संध्या गुप्ता ,पुष्पेन्द्र सिंह समेत विद्यालय के अन्य समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

बाल श्रम रोकने में हर व्यक्ति सहयोगी, टास्क फोर्स की बैठक

बालाघाट, देशबन्धु। जिले में बाल श्रम व बंधक श्रमिकों के सम्बंध में जागरूकता के साथ विभिन्न कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए टॉस्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में श्रम पदाधिकारी दामिनी सिंह ने कहा कि 20 अक्टूबर से 21 नवम्बर तक ब्लॉक स्तर पर बाल श्रम व बंधक श्रमिक तथा किशोर श्रमिकों के लिए बनाए गए विभिन्न नियमों के सम्बंध में जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। साथ ही उन्होंने अवगत कराया कि बाल श्रम की प्रवत्तियों को रोकने के लिए कोई भी नागरिक विभाग का सहयोग कर सकते है। विभाग के पोर्टल पर कोई भी व्यक्ति बाल श्रम व बंधक श्रमिक की जानकारी दे सकता है। साथ ही फ़ोटो वीडियो भी अपलोड कर सकता है। उस व्यक्ति का नाम अत्यंत गोपनीय रखा जाएगा। बैठक में जिले से विभिन्न राज्यों में पलायन कर जाने वाले नागरिको के डेटाबेस तैयार करने की रूपरेखा भी तैयार की गई है।

12 घंटे में अपहृत युवक मुक्त, एक आरोपी गिरफ्तार

शहडोल, देशबन्धु। युवक से उधारी वसूलने का कुछ लोगों ने ऐसा तरीका निकाला कि उन्होंने युवक की कनपटी पर पिस्टल अड़ा दी और उसका अपहरण कर उत्तर प्रदेश ले गए। यह लोग 50 हजार रुपए के बदले डेढ़ लाख रुपये चाह रहे थे। अपहरण करने के बाद इन्होंने युवक से 49 हजार ले भी लिए थे और बाकी रकम के लिए दबाव बना रहे थे। लेकिन ब्यौहारी पुलिस ने बड़ी सूझबूझ के साथ तत्काल कार्रवाई करते हुए मात्र 12 घंटे के अंदर ही न सिर्फ अपहरण किए गए युवक को सुरक्षित वापस छुड़ा लिया बल्कि एक आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया।

घटना के संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 26 अक्टूबर की शाम लगभग 06.30 बजे अर्पित द्विवेदी उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम बरकछ अपने दोस्त सुभाष तिवारी के साथ मोटर साइकिल से ब्यौहारी आ रहा था। जैसे ही बराछ तिराहे में यात्री प्रतिक्षालय के पास ये पहुँचे उसी समय एक कार अर्पित द्विवेदी की बाइक को ओवरटेक करते हुए रूकी तथा उस कार से छोटा पाण्डेय निवासी ग्राम पूरेबल्दू जिला प्रयागराज उप्र. अपने साथी अंकित पाण्डेय निवासी पूरेबल्यू, शनी तथा हप्पी उर्फ रवि पाण्डेय निवासी पूरेबल्दू के साथ कार से उतरकर उधारी के 50 हजार रुपए के बदले 1 लाख 50 हजार की मांग करते हुए अर्पित के दोस्त सुभाष तिवारी के साथ हाथ मुक्का से मारपीट कर अर्पित द्विवेदी को जबरन कट्टा दिखाकर डरा धमका कर कार में अपहरण कर लेकर चले गए। घटना की सूचना रात्रि करीबन 10 बजे डायल 100 के माध्यम से प्राप्त हुई । प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शहडोल कुमार प्रतीक ने तत्काल अपहृत अर्पित द्विवेदी

50 हजार के बदले डेढ़ लाख वसूलने के लिए ले गए थे यूपी

की दस्तयाबी एवं आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी ब्यौहारी को निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी ब्यौहारी अरुण पाण्डेय ने पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार दो टीमें गठित कर तलाश प्रारंभ की । इसी बीच अपहृत अर्पित द्विवेदी के मोबाईल फोन से उसकी बहन आरती द्विवेदी के मोबाईल पर आरोपियो द्वारा फोन कर 1 लाख 50 हजार देने की मांग की जाने लगी। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपियों के रीवा तरफ भागने की सूचना पर उनि श्याम सिंह के नेतृत्व मे 06 सदस्यीय टीम रवाना की गई। उक्त टीम के रीवा पहुंचने पर यह जानकारी प्राप्त हुई आरोपीगण अपहृत को शंकरगढ़ जिला प्रयागराज उ.प्र. तरफ लेकर गये है जहां टीम के पहुंचने पर जानकारी मिली क अपहृत को कोटा ग्राम के बीहड़ में सूनसान स्थान पर ले जाकर बंधक बनाकर रखे है। पुलिस टीम द्वारा सूचना पर कोटा बीहड़ में दबिस दी गई पुलिस को आता हुआ देखकर अपहृत को पकड़ कर रखे पांच अपहरणकर्ताओं में से अपहृत अर्पित द्विवेदी को अपरहरणकर्ताओं के चंगुल से मुक्त कराने एवं एक अपहरणकर्ता शुभम कुमार मिश्रा निवासी ग्राम सोनवै थाना लालापुर जिला प्रयागराज को पकडने में सफलता मिली,चार अपहरणकर्ता बीहड़ एवं जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे जिनकी तलाश जारी है।

पूछताछ पर अपहृत अर्पित द्विवेदी द्वारा कट्टा दिखाकर उक्त आरोपियों द्वारा ग्राम बराछ तिराहा से अपहरण कर शंकरगढ लाना तथा वहां से कोटा बीहड़ मे ले जाना उधारी के पैसे 50,000 के बदले डेढ़ लाख रू. मांग कर दबाब बनाना मारपीट करनाए कोटा जंगल बीहड मे अपहृत को रखने के दौरान पांचवा साथी शुभम कुमार मिश्रा भी आकर उनका साथ देकर पैसा ट्रांसफर हेतु दबाब बनाना बताया तथा अपहरण के दौरान 49 हजार रुपए फोन-पे से अपहरण के बाद रात मे ही ट्रांसफर कराना बताया। इस प्रकार ब्यौहारी पुलिस को अपहरण 12 घंटे के अंदर अपहृत को दस्तयाब करने तथा एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस अधीक्षक शहडोल कुमार प्रतीक द्वारा सम्पूर्ण टीम को उत्कृष्ठ कार्यवाही हेतु पुरूस्कृत करने की घोषणा की गई है। उक्त कार्यवाही में थाना ब्यौहारी के निरीक्षक अरूण पाण्डेय, उप निरी श्याम सिंह, सउनि गया कन्नौजे, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र उपाध्याय, अजय उपाध्याय, आरक्षक संजय द्विवेदी, अमृत यादव, गंगासागर गुप्ता एवं आरक्षक प्रकाश द्विवेदी(सायबर सेल) की महत्वपूर्ण भूमिका रही।